महत्वपूर्ण एवं खास

पुलिस आरक्षक ने अपने सरकारी निवास में फांसी लगाकर दी जान

जशपुर (आरएनएस)। शहर के पुलिस लाईन में तैनात एक 40 वर्षीय जवान ने आज फिर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जवान का नाम रितेश प्रधान बताया जा रहा है।जानकारी के मुताबिक आज सुबह तकरीबन साढ़े 11 बजे मृतक जवान अपने गृह निवास भगलपुर में ही पेड़ पर झूल गया। पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है ।घटना की जांच की जा रही है।अबतक की जानकारी के मुताबिक मृतक अपने घर मे अकेला था ।और जरीब 11 बजे उसने घर मे फांसी लगा लिया। मृतक जवान जशपुर के भगलपुर का बताया जा रहा है । ज्ञात हो कि 2 दिन पहले रायपुर के माना टर्निंग कैम्प में ट्रेनिंग कर रहे सुकमा जिले के एक जवान ने भी फांसी लगा लिया था ।

नाबालिगों का बहला फुसलाकर किया अपहरण, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। कम उम्र के किशोर किशोरियों को आए दिन अश्लील हरकतों का सामना करना पड़ता है। कड़े कानून बनने के बाद भी उक्त वारदातों में कोई कमी नहीं आ रही है। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र एवं मोवा थाना क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार क्रमशः दीपक कालोनी न्यू राजेंद्र नगर की 15 वर्षीया नाबालिग एवं नहरपारा कांपा पंडरी के 17 वर्षीय नाबालिग किशोर को अज्ञात आरोपियों द्वारा बहला फुसलाकर प्रलोभन देकर अपरण किया गया है। उक्त मामले में राजेंद्र नगर एवं मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया है।

ट्रेव्हल्स एजेंसी ने यात्री के खाते से 38 हजार धोखाधड़ी कर आहरण किया

रायपुर (आरएनएस)। मोबाइल एप में दिये गये प्रावधानों के कारण जहां उपभोक्ताओं को घर बैठे सुविधाएं मिल रही हैं। वहीं अनेक उपभोक्ता धोखाधड़ी का शिकार भी ऑन लाइन ट्रांजेक्शन के नाम पर हो रहे हैं। खम्हारडीह थाना से मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र सिंह सिंघोत्रा आयु 35 वर्ष पिता जसबीर सिंह सिंघोत्रा को अज्ञात फोन धारक ने रायपुर से बैगलोर जाने वाले दो यात्रियों को बुकिंग किराया 20 हजार रुपये अग्रिम देने के लिए फोन किया। उक्त राशि अज्ञात फोन धारक को देने के लिए प्रार्थी को गुगल का बटन दबाने के लिए कहा गया जिसके चलते प्रार्थी के खाते से आरोपी ने चार बार 38 हजार रुपये का आहरण कर धोखाधड़ी की। उक्त मामले में खम्हारडीह थाने ने अज्ञात फोन धारक के खिलाफ 420 के तहत मामला कायम किया है।

जुआरियों से 44 हजार 970 रुपये जब्त

रायपुर (आरएनएस)। शहर में ताश पत्ती का खेल जोरों से चल रहा है। शहर के चौक चौराहों से भीतरी क्षेत्रों में जाने वाली गलियों में स्थित नुक्कड़ों में खुलेआम जुआ बड़ी राशि लगाकर खेला जा रहा है। राजेंद्र नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार आईबीवाय होटल पचपेढ़ी नाका के रूम नंबर 218 में महावीर नगर निवासी शैलेष इसरानी एवं नरेश कुमार ईसरानी से कमरे में जुआ खेल रहे साथियों से पुलिस ने छापा मारी कर 44 हजार 970 रुपये की राशि जब्त की। उक्त मामले में पुलिस ने जुआ एक्ट 13 के तहत मामला कायम किया है।

एसआई और एएसआई की पदोन्नति के रास्ते खुले

» बुधवार और शुक्रवार को पीएचक्यू में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ पुलिस में एसआई और एएसआई के पद पर पदोन्नति का इंतजार कर रहे पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ पुलिस में दोनों पदों पर शीघ्र ही पदोन्नति होने जा रही है। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने पदोन्नति के लिए विभागीय समिति गठित कर दी है। आगामी बुधवार को पुलिस मुख्यालय में एसआई और शुक्रवार को एएसआई के पदों पर पदोन्नति के लिए पदोन्नति समिति की बैठक आहूत की गई है। जिसके बाद इन दोनों पदों पर पदोन्नति दी जाएगी।

सैनिकों के कल्याण के लिए जितना कार्य करेंगे उतना ही देश की सूरक्षा मजबूत होगी - उइके

» एक शहीद के परिजन की बेटी के विवाह के लिए » 1 लाख रूपये की सहायता की घोषणा » » राज्यपाल से शहीद सैनिकों के परिजनों ने की मुलाकात

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज राजभवन में शहीद सैनिकों के परिजन और प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने 27 शहीदों की पत्नियों ''वीर नारी'' उनकी वीर माता और उनके उत्तराधिकारियों को सादगीपूर्ण कार्यक्रम में सम्मानित किया और डेढ़ लाख रूपये की अनुदान राशि भी दी। प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सैनिकों के कल्याण के लिए हम जितना कार्य करेंगे, उतना ही देश की सूरक्षा मजबूत होगी। हम सबका नैतिक दायित्व भी है कि सैनिकों के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहें। जब हम उनके सुख-दुख में भागीदार होते हैं तो उन्हें भी हार्दिक प्रसन्नता होती है। इस अवसर पर सैनिको के परिजनों ने अपनी समस्याएं बताई। उन्होंने शहीद स्मारक बनाने की भी मांग की। राज्यपाल ने एक परिजन

की सुपुत्री के विवाह के लिए 1 लाख रूपये देने की घोषणा की। साथ ही स्मारक बनाने के लिए शासन स्तर पर चर्चा करने की बात कहीं और उनके अन्य समस्याओं का समाधान करने

का आश्वासन दिया। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश के सैनिक दिन-रात देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं और वे अपने प्राणों की भी परवाह नहीं करते। पूरा देश जब त्यौहार-पर्व मनाता है, तब हमारे सैनिक अपने परिवार से दूर देश की सीमाओं में तैनात रहते हैं। देश आजाद होने के पश्चात कई परिस्थितियां निर्मित हुई, पर हमेशा हमारी सेना ने देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया और देश को सुरक्षित रखा। हम आज जो शांति से रह पा रहे हैं और त्यौहार और पर्व का आनंद ले रहे हैं, यह सैनिकों के कारण ही संभव हो पाया है। सुश्री उइके ने कहा कि हम सबका कर्त्तव्य है कि सैनिकों के परिवारों की चिंता करें और उनका ध्यान रखें। यदि सैनिक सेवानिवृत्त होने के पश्चात हमारे बीच आते हैं तो उनके और उनकी परिवार की हरसंभव मदद करें। साथ ही शहीदों के परिवारों का सम्मान करें और उनकी तकलीफों को दूर करने की कोशिश करें। मनोबल बढ़ेगा और सेना में इन परिवारों के साथ-साथ समाज में अन्य लोगों को राष्ट्र की सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी।

ट्रैफिक अमले का पूरा फोकस बाइक सवारों पर, अब तक वसूले 7.65 लाख रूपए

» ऑटो, चार पहिया वाहन चालकों पर नाममात्र की कार्यवाही

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी का यातायात अमला इन दिनों हेलमेट और यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में जमकर चालानी कार्यवाही कर रहा है। खासकर यातायात अमले का आसान निशाना होते हैं बाइक सवार। हेलमेट, सिग्नल जंप और यातायात नियमों का हवाला देकर ट्रैफिक अमला रोजाना अपना टॉरगेट पूरा कर रहा है।

यातायात नियमों की अव्हेलना करने वाले 1900 वाहन चालकों से अब तक 7 लाख 65 हजार रूपए की चालानी वसूली हो चुकी है। इस दौरान 96 वाहन चालकों को जो शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए गए उनका चालान न्यायालय में पेश किया गया, जहां अब तक 64 वाहन चालको से 6 लाख 40 हजार का अर्थदंड वसूला गया है। प्रत्येक वाहन चालक जो शराब के सेवन पाए गए सभी का चालान न्यायालय पेश किया गया जहां न्यायालय द्वारा सभी वाहन चालकों को 10 हजार का अर्थदंड दिया गया। इधर अब राजधानीवासी यातायात पुलिस की चालानी कार्यवाही से उकता गए हैं। आम नागरिकों ने यातायात विभाग के अफसरों से ही पूछा है कि यातायात नियमों का पालन करने के लिए क्या केवल बाइक सवार ही बाध्य हैं। यह नियम ऑटो चालकों, चार पहिया वाहन चालकों, बस चालकों या अन्य वाहन चालकों पर लागू होता है या नहीं? राजधानी में चल रहे विशेष अभियान में केवल बाइक सवारों को ही टॉरगेट किया जाता है।

रद्द किया गया सारनाथ एक्सप्रेस चलेगा निर्धारित समयानुसार

रायपुर (आरएनएस)। उत्तर रेलवे के लखनऊ रेल मंडल इलाहाबाद-फाफामऊ रेलवे स्टेशनों के बीच दोहरीकरण एवं आधुनीकरण का कार्य करने के लिए दिनांक 16 मार्च से 07 अप्रैल तक एवं पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस रेलवे मंडल में दोहरीकरण का कार्य दि नांक 25 मार्च से 08 अप्रैल तक किया जाएगा। इसके चलते छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस रद्द एवं कुछ एक्सप्रेस गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया था। यह सभी गाड़ियों को रिस्टोर किया गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी गाड़ियों को इसके नियमित मार्ग एवं समय सारिणी के अनुसार चलाने का निर्णय लिया गया है।

नवा रायपुर में तेजी से बसाहट के लिए अहम साबित होगी परियोजना : अकबर

रायपुर (आरएनएस)। वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज देर शाम राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-15 तथा सेक्टर 30 में आवासीय भू-खण्ड परियोजना का शुभारंभ किया।

उन्होंने इसका शुभारंभ करते हुए कहा कि यह परियोजना नवा रायपुर अटल नगर में बसाहट बढ़ाने की कवायद में महत्वपूर्ण साबित होगी। इन सेक्टरों में शासन द्वारा अहम निर्णय लेते हुए पहले की अपेक्षा वर्तमान में भू-आबंटन के आकार को छोटा किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस परियोजना से जुड़कर भरपूर लाभ

उठा सके। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर 15 में दो हजार 900 से 4 हजार वर्गफीट के भू-खण्ड और सेक्टर-30 के पॉकेट डी 3 तथा बी 3 में डेढ हजार से 2 हजार 350 वर्गफीट के लीज पर आबंटन के लिए आज निविदा जारी कर दी गई है।

सेक्टर-15 में ऑफसेट प्रीमियम दर एक हजार 240 रूपए प्रति वर्गफीट निर्धारित की गई है। जबकि सेक्टर-30 में यह दर एक हजार 135 रूपए प्रति वर्गफीट निर्धारित है। उक्त दर पर प्रथम दो चरणों में निविदा आमंत्रित की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा दो वर्षों में प्लाट लेवल तक अधोसंरचना जैसे - पहुंच मार्ग, पानी, बाह्य विद्युतिकरण तथा सिवरेज आदि विकसित की जाएगी। इसके उपरांत पांच वर्षों में आबंटितियों को निर्माण कार्य पूर्ण करना होगा।

इस बार प्राधिकरण द्वारा आवेदन शुल्क को कम कर एक हजार 180 रूपए रखा गया है। इसके अलावा आबंटितियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भवन निर्माण के लिए न्यूनतम एफए.आर. मापदण्ड को एक से घटाकर 0.5 किया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री को प्रिंट मीडिया पर लगे जीएसटी हटाने की मांग - सौंपा सुझाव पत्र

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ एडिटर्स एंड पब्लिशर्स एसोसिएशन (सेपा) एवं ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन छत्तीसगढ़ द्वारा प्रिंट मीडिया पर लगे जीएसटी को तत्काल भारत के वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर से हटाने की मांग करते हुए एक सुझाव पत्र सौंपा।

प्रिंट मीडिया संगठनों ने माननीय मंत्री जी को बताया कि वर्तमान में लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों की दिन प्रतिदिन स्थिति दयनीय होती जा रही है,प्रिंट मीडिया

पर वर्तमान मैं प्लेट, बटर,एलपीएफ न्यूज़ प्रिंट, केमिकल,इंक सहित सभी कच्चे मालों पर जीएसटी भारत सरकार द्वारा लगा दिया गया है जिससे कि उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। सरकार द्वारा समाचार पत्र पर जीएसटी फ्री होने के कारण विज्ञापनों पर मिलने वाला 5प्रतिशत जीएसटी रेमबर्समेंट अनुपातिक रूप पर मात्र आधा से एक प्रतिशत ही प्राप्त हो रहा है जिसके कारण समाचार पत्रों पर आर्थिक बोझ निरंतर बढ़ रहा है। न्यूज़ प्रिंट पर जीएसटी सहित अन्य सामग्रियों पर जीएसटी लगने के कारण छोटे और लघु उद्योग जो प्रिंट मीडिया के लिए केमिकल इंक आदि बनाते थे उन पर भी बड़ा प्रभाव पड़ा है। जीएसटी के कारण लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों को आर्थिक रूप से संकट उत्पन्न हो गया है।

ग्रीष्म ऋतु से पहले ही रेलवे स्टेशन में पेयजल संकट यात्री हो रहे परेशान

रायपुर (आरएनएस)। लगातार बारिश के चलते जहां मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है जिसके चलते गर्मी नहीं पड़ने के कारण अभी ग्रीष्म ऋतु का आगमन नहीं हुआ है। बावजूद इसके रेलवे स्टेशन रायपुर के प्लेटफार्म में लगे नलों में पानी नहीं आने के कारण आवाजाही करने वाले यात्रियों को पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। अनेक यात्रियों ने चर्चा के दौरान प्रतिनिधि को बताया कि सुबह से रात तक

पानी नहीं आने के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों एवं मेमू लोकल ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को अभी से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक रेलयात्री संघ के सदस्य चंद्रशेखर साहू ने रेलवे जोन के महाप्रबंधक से एवं डीआरएम रायपुर से रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों में लगे पेयजल के नलों में पीने का पानी सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश देने की मांग की है।

करोड़ों रूपए की संपत्ति छग राज्य वक्फ बोर्ड ने कब्जे से मुक्त करवाई-सलाम रिजवी

» ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफ के 808वें उर्स पर चादर प्रेषित कर खुशहाली की कामना की

» कब्जा मुक्त भूमि पर बोर्ड बनवाएगा अस्पताल, स्कूल एवं महिला छात्रावास-फैजल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष बनने के साथ ही बोर्ड के अध्यक्ष सलाम रिजवी द्वारा अनियमितताओं एवं बेशकीमती भूमि अवैध कब्जाधारियों से रिक्त कराने की प्रभावी कार्यवाही शुरू की गई है। उक्त जानकारी पत्रकारवार्ता में बोर्ड भवन में देते हुए अध्यक्ष वक्फ बोर्ड एवं सदस्य फैजल रिजवी वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि हाल ही में अंजुमन इस्लामिया कमेटी जगदलपुर के पूर्व सदस्य सलीम रजा, नायब सदर इजराईल हक, सेक्रेटरी अताउर्रहमान खान, नायब सेक्रेटरी मोहम्मद अजीज, खजांची मोहम्मद इदरीस एवं कमेटी के सदस्यों द्वारा आर्थिक अनियमितता कर छल कपट एवं कूटरचना के जरिए तीन करोड़ 58 लाख 56 हजार रूपए के मामले को लेकर वित्तीय अनियमितता की रिपोर्ट जगदलपुर सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

वार्ताकारों ने बताया कि इसी प्रकार सारंगढ़ की वक्फ संपत्ति मुसाफिर खाना को अवैध रूप से 5 करोड़ रूपए में बेचे जाने के संबंध में भी जिला प्रशासन एवं वक्फ कमेटी को दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। बिलासपुर जिले में वक्फ अलल औलाद ग्राम मचखंडा में वक्फ की 100 एकड़ से भी ज्यादा भूमि मालगुजार स्व. जैनुनद्दीन के वंशजों के द्वारा बेच दी गई है। वहां पर खाली पड़ी जमीन पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई गई है। जिसे हटाने के लिए बिलासपुर जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया है। फैजल एवं सलाम ने बताया कि उक्त मामलों के निराकरण के लिए सेवा निवृत्त जिला अध्यक्ष शासकीय अधिकारी, अधिवक्ता, समाज सेवा से जुड़े युवा, वरिष्ठ नागरिकों एवं आडिटरों की अलग-अलग टीमों को गठन कर वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को प्रदेश में हर हाल में सुरक्षित रखना है। सलाम रिजवी ने कहा कि कब्जाधारी कितना भी रसूखदार क्यों न हो नियम विरूद्ध कब्जा करने पर संबंधित के खिलाफ बोर्ड प्रभावी कार्यवाही करेगा। पत्रकारवार्ता में अधिवक्ता सैय्यद फैजल रिजवी ने बताया कि कब्जे से मुक्त भूमि में अस्पताल, स्कूल, महिलाओं के लिए छात्रावास एवं अन्य निर्माणकार्य समाजहित में करवाए जाएंगे। स्कूलों को अपग्रेड कर अंग्रेजी माध्यम से इसी सत्र में एक अप्रैल से किया जाएगा।

लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षित बोगी में दूध वालों का कब्जा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

रायपुर (आरएनएस)। लोकल ट्रेनों सहित लंबी दूरी की ट्रेनों में दूध वालों का कब्जा लंबे समय से आरक्षित बोगियों में देखा जा रहा है। साउथ बिहार एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री संजय चौबे ने तस्वीर प्रेषित कर प्रतिनिधि को अवगत कराया कि रिजर्व बोगी में भी अंदर बाहर दूधवालों के डिब्बे टंगे/रखे होने के कारण प्रवेश द्वार पर ही यात्रियों को आने जाने वालों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। चौबे ने डीआरएम रायपुर से दूधवालों के द्वारा जनरल बोगी के बजाय आरक्षित बोगी में कब्जा करने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों तत्काल निर्देश देने की मांग की है।

कोरोना वायरस के कारण शराब दुकानें बंद क्यों नहीं? अमित जोगी

रायपुर (आरएनएस)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कोरोना वायरस को लेकर राज्य सरकार द्वारा स्कूल, कॉलेज व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवकाश की घोषणा पर सवाल करते हुए कहा है कि इन सबके साथ शराब दुकानों को बंद क्यों नहीं किया जा रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमर्पण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यवाही एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पहिए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU